प्रमुख पठार निम्न है -

1. मालवा का पठार➔

- यह राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं गुजरात में फैला हुआ है।
- लावा से निर्मित काली मृदा से बना है
- ग्रेनाइट चट्टानों से बना है ।
- इस पर बेतवा, पार्वती, कालीसिंध, चंबल व मी नदियां प्रवाहित होती है
- चंबल के बीहड़ विस्तृत हैं ।
- औसत ऊंचाई **500** मीटर है एवं इसका ढलान उत्तर की ओर है।

2. बुंदेलखंड का पठार➔

- यह पठार ग्वालियर पठार तथा विध्यांचल पठार के बीच विस्तृत हैं ।
- नीस चट्टानों से निर्मित है ।
- सोपानी वेदिकाएँ मिलती है।
- यहां पश्चिमी भाग में बालूका पत्थर व चूने का पत्थर मिलता है ।
- पूर्वी भाग में ग्रेनाइट चट्टानी मिलती है ।
- यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच में फैला हुआ है।

3. छोटा नागपुर का पठार➔

- झारखंड में स्थित है ।
- दामोदर नदी इस पठार की प्रमुख नदी है यह नदी इसकी भ्रंश घाटी से बहती है
- गोडवाना युग के कोयला भंडार ।
- यह पठार खनिज भंडार के नाम से जाना जाता है ।
- महानदी, सोन, स्वर्णरखा व दामोदर यहां की प्रमुख नदियां हैं
- इस पठार को भारत का रूर भी कहते हैं ।
- रांची का पठार, हजारीबाग का पठार, कोडरमा का पठार सब इसी के अंदर हैं ।
- इसका कुल क्षेत्रफल **65000** वर्ग किमी है ।
- इसकी सबसे उच्चतम चोटी हजारीबाग पठार में पारसनाथ है।

4. मेघालय पठार➔

• गारो- राजमहल दर्रा इसे प्रायद्वीपीय पठार के मुख्य खंड से अलग करता है ।

• यह गारो, खासी तथा जयंतिया पहाड़ियों से बना है।

• इस पठार की सबसे ऊंची चोटी नोकरेक (**1421** मी.) है

5. दक्कन का पठार➔

• क्रिटेशियस तथा पूर्व टर्शियरी काल में होने वाली ज्वालामुखी क्रियाओं के बेसिक लावा से निर्मित हुआ है

• ताप्ती नदी इसकी उत्तरी सीमा बनाती है ।

यह बेसाल्ट निर्मित पठार है

• इसकी प्रमुख नदियां- महानदी, गोदावरी. कृष्णा. कावेरी ताप्ती आदि ।

• आंध्र प्रदेश में तेलंगाना का पठार तथा कर्नाटक में कर्नाटक पठार कहलाता है।

• लाल बलुआ पत्थर की अधिकता पाई जाती है

• इस पठार के पूर्वी भाग को विदर्भ कहा जाता है

• दक्कन का पठार एक लंबा त्रिभुजाकार भूभाग है ।

• इसकी उत्तरी सीमा में सतपुड़ा व विध्य श्रेणी है पूर्व में पूर्वी घाट तथा पश्चिमी में पश्चिमी घाट है ।

6. तेलंगाना पठार➔

• दक्कन के पठार का एक भाग जो आंध्र प्रदेश आंतरिक क्षेत्रों को सम्मिलित करता है

• कृष्णा नदी के उत्तर में तेलंगाना का पठार है ।

• कृष्णा नदी का दक्षिण भाग रायलसीमा के पठारी क्षेत्र में अवस्थित है।

7. कर्नाटक का पठार➔

- दक्कन के पठार के दक्षिण में स्थित है।
- कर्नाटक के पठार में मालनाड तथा मैदान दो भू-आकृतिक क्षेत्र है
- मालाड पश्चिमी घाट के निकट लगभग **64** किमी चौड़ी पहाड़ी तथा विच्छेदित पठारी भाग है|मैदान मालनाड के पूर्वी भाग में अवस्थित है ।

8. धारवाड़ का पठार➔

- यह पठार कर्नाटक राज्य में है ।
- यह परिवर्तित चट्टानों से बना है।
- इस पठार के पश्चिम भाग में बाबाबुदन की पहाड़ी तथा ब्रह्मगिरि की पहाड़ी है ।